हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 काम से निकाले गए कर्मचारियों को बहाल करने की मांग

11 तीन दिनी अखंड रामायण सम्मेलन में शामिल हुईं...


**खबर संक्षेप**

## नशे में वाहन चलाने वाले 626 चालकों पर कार्रवाई



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर शराब के नशे में वाहन चालने वाले चालक को पर शिकंजा कसने का प्रयास किया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चेकिंग की जा रही है। शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की जा रही है। माह जनवरी में 198, फरवरी 288 और मार्च माह में 140 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया है। विगत 70 दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 626 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। वाहन जप्त कर चालको का प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा 10 हजार रुपये से अधिक के अर्थदंड से दंडित किया है।

### सुलह : 3 करोड़ 16 लाख से अधिक की समझौता राशि, कई पारिवारिक विवाद भी सुलझे

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 12,975 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला न्यायालय बेमेतरा में शनिवार को वर्ष 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 12,975 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण करते हुए 3 करोड़ 16 लाख 55 हजार 875 रुपये की समझौता राशि वसूल की गई। लोक अदालत के माध्यम से वर्षों से लंबित दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा सहित विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से निपटारा हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सरोज नंद दास ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत न्याय का सरल, सस्ता और त्वरित माध्यम है, जिससे वर्षों से चल रहे विवाद आपसी सहमति से समाप्त होते हैं और समाज में सौहार्द का वातावरण बनता है। नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय में 8 तथा साजा तहसील न्यायालय में 1 खंडपीठ का गठन किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 9 न्यायिक खंडपीठों ने प्रकरणों की सुनवाई की। लोक अदालत में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पक्षकार पहुंचे। उनकी सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में विधिक सहायता डेस्क, स्वास्थ्य डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वाहन तथा बैंक, विद्युत विभाग, नगर पालिका और बीएसएनएल के स्टॉल लगाए गए, जहां प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के समाधान के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया। जिले में कुल 10,302 प्री-लिटिगेशन एवं लंबित प्रकरणों को निराकरण के लिए रखा गया था। इनमें राजस्व, विद्युत, बैंक तथा बीएसएनएल से जुड़े मामलों में 29 ▶▶ शेष पेज 10 पर



**पक्षकारों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित**

लोक अदालत में समझौता करने वाले पक्षकारों को प्रोत्साहन स्वरूप फलदार और छायादार पौधों का वितरण किया गया। कई मामलों में पीठासीन अधिकारियों द्वारा पक्षकारों को तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं कुटुम्ब न्यायालय बेमेतरा में न्यायाधीश नीलिमा सिंह बघेल के प्रयास से 9 दंपत्तियों के बीच सुलह कराकर उन्हें पुनः एक साथ घर भेजा गया। न्यायालय परिसर में इस भावुक पल के दौरान दंपत्तियों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर नई शुरुआत का संकल्प लिया।



## गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए जनभागीदारी जरूरी : सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

■ जिले में गौधाम योजना का हुआ शुभारंभ

प्रदेश सरकार द्वारा पशुधन को राज्य की अर्थव्यवस्था से जोड़ने तथा गौ संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गौधाम योजना की शुरुआत की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर जिले के ग्राम कोनी में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम के जरिए पूरे प्रदेश में इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया। इसी क्रम में जिला के साजा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केवतरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी गौधाम योजना का शुभारंभ किया गया तथा पशुपालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने पशुपालकों को संबोधित करते हुए कहा कि गौ माता के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आए। उन्होंने कहा कि गौधाम योजना से प्रदेश में घुमंतू और आवारा पशुओं की समस्या पर नियंत्रण करने में मदद मिलेगी तथा सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली पशुधन क्षति को भी रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गौ सेवा में समाज की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। किसी भी योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जनता की सहभागिता और सहयोग जरूरी होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गौ माता को लावारिस न छोड़ें और उनकी सेवा में अपनी सार्थक सहभागिता सुनिश्चित करें। सांसद श्री बघेल ने जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए जल ▶▶ शेष पेज 10 पर

## चोरी का आरोप लगाकर प्रताड़ित करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



सिटी कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के एक मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मृतक को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 01 पिकरी निवासी लेखराम निर्मलकर (41 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र प्रवीण निर्मलकर पर लोभन सिंह वर्मा (25 वर्ष) निवासी धोबनी दामाखेड़ा थाना सिमगा, जिला बलौदाबाजार द्वारा अपनी मोबाइल दुकान से 1 लाख 50 हजार रुपए चोरी करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच एक इकरारनामा तैयार किया गया, जिसमें लेखराम निर्मलकर द्वारा लोभन वर्मा को प्रतिमाह 5 हजार रुपए देने की सहमति बनी थी।

बताया गया कि लेखराम निर्मलकर अब तक कुल 25 हजार रुपए दे चुके थे, इसके बावजूद लोभन वर्मा मृतक प्रवीण ▶▶ शेष पेज 10 पर

## पापमोचनी एकादशी, आत्मशुद्धि, संयम और ईश्वर कृपा प्राप्ति का अवसर : महंत सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



सनातन परंपरा में एकादशी व्रत को सबसे सरल, सहज और अत्यंत फलदायी व्रत माना गया है। राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास और धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने कहा कि वर्तमान में आने वाली पापमोचनी एकादशी का व्रत विशेष रूप से पापों के नाश और आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम माना गया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक माह दो बार आने वाली एकादशी का व्रत वैष्णव परंपरा में अत्यंत श्रद्धा और अनुशासन के साथ किया जाता है। यह व्रत अखिल ब्रह्मांड नायक भगवान श्रीकृष्ण तथा भगवान विष्णु को प्रसन्न करने वाला सर्वोत्तम व्रत माना गया है ,राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि एकादशी का व्रत इतना सरल और सहज है कि इसे हर आयु वर्ग का व्यक्ति कर सकता है। इस दिन पारंपरिक अन्न जैसे चावल, दाल और गेहूं का त्याग किया जाता है तथा प्याज और लहसुन भी वर्जित माने गए हैं,श्रद्धालु फलाहार के रूप में दूध, दही, मेवा, बादाम, लस्सी तथा विभिन्न मिष्ठान भगवान को अर्पित कर तुलसी पत्ती डाल व्रत का पालन करते हैं। वहीं सेतगंगा के महंत राधेश्याम दास ने बताया कि इस माह पापमोचनी ▶▶ शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### साईं मंदिर समिति की 15 मार्च को साधारण सभा

दुर्ग। सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति (साईं मंदिर) सिविल लाइन कसारीडीह की साधारण सभा की बैठक एंव होली मिलन समारोह 15 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे साई मंदिर परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वप्रथम फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां मनाई जाएगी। इसके अलावा बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक साई महोत्सव सत्र 25-26 के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण, समिति के चार वर्षीय कार्यकाल वाले आगामी निर्वाचन के संबंध में चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक प्रस्तावों एंव सुझावों पर चर्चा को एजेंडे के रुप में शामिल किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सार्वजनिक श्री साईं महोत्सव समिति सिविल लाइन कसारीडीह के सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### उरला में हेल्थ कैम्प और नशा उन्मूलन शिविर 18 को

दुर्ग। समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा 18 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला वार्ड 58 के सामुदायिक भवन में निःशुल्क हेल्थ कैम्प और नशा उन्मूलन शिविर आयोजित है। जिला प्रशासन के सहयोग से यह शिविर लगाया जा रहा है। इस दौरान निःशुल्क परिवार परामर्श जागरुकता सहायता, स्वास्थ्य जांच परीक्षण चिकित्सा व नशा उन्मूलन पर परामर्श दिया जाएगा। इसमें कानूनी अधिकारों, योजनाओं, सुविधाओं के बारे में बताकर उन्हें थानों, कोर्ट-कचहरी व अन्य शासकीय विभागों में कहीं भी अनावश्यक भागादौड़ी, रुपयों-पैसों खर्चों में कमी लाने सरल व सहज तरीके से शासन की मदद से न्याय पाने बताया जाएगा। शिविर में आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके जरिए हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक के इलाज का खर्च का लाभ शासन से मिलेगा। शिविर में अधिवक्ता व परामर्शदाता के रूप नीता साहू, मोनिका सिंह, सीमा हिरवानी, शासकीय चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा कल्याणी संस्था के सदस्यगण विषय विशेषज्ञ व वक्ता के रुप में उपस्थित रहेंगे।

### अफीम की खेती को लेकर पूरे प्रदेश में हो जांच

दुर्ग। समोदा के बाद बलरामपुर में अफीम की खेती के खुलासे के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। इसे लेकर लगातार कांग्रेस जवाब चाह रही है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने कहा कि एक दिन पहले ही दुर्ग और भिलाई में भाजपा कार्यालयों के घेराव का प्रयास किया गया। विरोध प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।



कांग्रेस इस मामले में शांत नहीं बैठेगी, पुलिस और सरकार को वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी देनी ही होगी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेसी एकजुट हो गए हैं। मुख्य बात छत्तीसगढ़ प्रदेश अफीम खेती किया जाना है, वो बीजेपी से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं उनके लोगों द्वारा प्रदेश भर से अन्य जिले से भी की अफीम की खेती की सूचनाएं लगातार आ रही है। मक्का और चना की खेती के दौरान अफीम बोई जारी है। प्रोत्साहन राशि ली जा रही है।

# रिसाली-भिलाई निगम के खाली तीन वार्डों की फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली होगी तैयार

## विधानसभा की नई मतदाता सूची एक अप्रैल 2026 होगा आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के खाली वार्डों में उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में वार्डों का निर्वाचन नामावली तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं। फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली एक अप्रैल 2026 को विधानसभा की नई सूची के आधार पर तैयार होगी। रिसाली निगम में वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 39 पार्षद पर खाली है। भिलाई निगम में वार्ड क्रमांक 1 में पार्षद पद तत्कालीन पार्षद के निधन के बाद खाली है।

### 23 से अधिकारियों की होगी नियुक्ति

राज्य निर्वाचन आयोजन ने जिला निर्वाचन अधिकारी को यह निर्देश दिए हैं कि 23 मार्च को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्त कर लें। निर्वाचन नामावली तैयार करने के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों को प्रशिक्षण 24 मार्च को दिया जाए। नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को और दावा आपत्ति 20 अप्रैल तक लिया जाना है। दावा आपत्ति 24 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति के निपटारे के बाद नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 मई तक करना है।

### दो वार्डों में दर्ज नाम कटेंगे

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियां तैयार होने पर उनकी बारीकी से जांच करने के निर्देश है। मसलन किसी मतदाताओं का नाम एक ही वार्ड में दो स्थानों पर अथवा उसी नगरपालिका के एक से अधिक वार्डों में दर्ज न हो। इसी तरह किसी ग्राम पंचायतों के मतदाताओं के नाम नगरपालिका की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं होना चाहिए। एक ही परिवार के ऐसे सदस्यों के नाम जो एक ही मकान में रहते हो लेकिन दो भिन्न-भिन्न पार्टी में दर्ज न हो। नगरपालिका क्षेत्र के सामान्यतः निवासी समस्त पात्र मतदाता, विशेषतः वर्तमान संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य, नगरपालिका के महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों तथा अन्य प्रमुख व्यक्तियों के नाम सम्मिलित हो।

### जिनका नाम दर्ज नहीं उन्हे मिलेगा मौका

जिन मतदाताओं के नाम विधानसभा की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, उन्हें नियत अवधि के पूर्व विधानसभा की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाना होगा। नाम दर्ज हो जाने के प्रमाण के स्वरूप में विधानसभा के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के इस आशय के आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ प्ररूप क-1 में केवल रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगरपालिका) को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इन मतदाताओं के आवेदन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वयं लिए जाएंगे। ऐसे आवेदन विहित स्थानों पर आवेदन प्राप्त करने के लिए नियुक्त अभिहित अधिकारी द्वारा नहीं लिये जायेंगे।

### निर्वाचक नामावली के हैं निर्देश

रिसाली व भिलाई निगम के रिक्त वार्डों में उप निर्वाचन को लेकर नामावली तैयार करने के निर्देश राज्य निवार्चन आयोग ने दिए हैं। नामावली तैयार कर निर्धारित शेड्यूल पर राज्य को प्रेषित करना है।

**विरेंद्र सिंह,**
उप निर्वाचन अधिकारी दुर्ग

## सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को नहीं हुआ निदान, 39 माह का लंबित

# हजारों बीएसपी कर्मचारियों को पांच साल बाद भी नहीं मिला करोड़ों का एरियर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी सहित सेल के हजारों कर्मचारियों के करोड़ों के लंबित एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से असंतोष बढ़ रहा है। सेल प्रबंधन की उदासीनता से कर्मियों को दोतरफा नुकसान हो रहा है। पिछले पांच साल के दौरान सैकड़ों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। यूनियनों ने जल्द भुगतान के लिए एकजुटता से दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों के 39 महीने के एरियर्स के मुद्दे का पांच साल बाद भी निदान नहीं हुआ है। इस दौरान यूनियनों द्वारा कई बार सेल प्रबंधन और इस्पात मंत्री से मांग के साथ धरना प्रदर्शन आदि आंदलन किए जा चुके हैं। वर्ष 2018 में दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में सेल कर्मचारियों के वेतन समझौता की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं किये जाने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। बैठक में एनजेसीएस यूनियनों द्वारा 39 महीने के एरियर्स भुगतान की मांग की गई थी। एरियर्स को किस्तों में भुगतान का सुझाव दिया गया था। एटक के विनोद कुमार सोनी ने बताया कि आश्वासन के बाद भी अब तक वेतन समझौता की त्रुटियों को दूर किया गया और न ही लंबित एरियर्स का ही भुगतान किया जा सका है। जबकि इस दौरान दो बार देशव्यापी हड़ताल और सेलव्यापी आंदोलन के दौरान एरियर्स भुगतान की मांग की गई थी। भुगतान नहीं होने से सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सीटू और इंटक ने जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर वेतन समझौता की विंसगतियों के निदान सहित एरियर्स भुगतान की मांग करवाने की मांग प्रबंधन से की है।

### सैकड़ों कर्मचारी हो चुके रिटायर



### बीएसपीकर्मियों को लाखों का नुकसान

बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों के एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से दोतरफा नुकसान हो रहा है। एक तरफ उनका वर्ष 2017 से देय लाखों रुपए अटका हुआ है वहीं दूसरी ओर लंबित राशि पर कोई ब्याज भी नहीं दिया जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक पिछले पांच साल के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल के हजारों कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। कई कर्मियों की मृत्यु भी हो चुकी है। जबकि इस दौरान सेल के अधिकारियों को पीआरपी करोड़ो के पीआरपी का भुगतान पिछले साल किया जा चुका है। इस भेदभाव से भी कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### इस्पात मंत्री का आश्वासन बेअसर

एक साल पूर्व भिलाई आए इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को भिलाई निवास में यूनियनों ने अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण कराने व लंबित 39 महीने के एरियर्स भुगतान की मांग की थी। यूनियनों के मुताबिक मंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक न तो एसनेजीएस सब कमेटी की बैठक बुलाई गई और न ही इस मुद्दे का निदान ही हुआ। इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस यूनियनों ने जल्द लंबित एरियर्स का भुगतान कर कर्मियों को मनोबल बढ़ाने की मांग की है।

# काम से निकाले गए कर्मचारियों को बहाल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ चंदूलाल मेडिकल कॉलेज के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से निकाले गए कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर अस्पताल के समक्ष विरोध प्रदेशन किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के सचिव सुमीत परगनिहा और संगठन सचिव कलादास डेहरिया ने बताया कि कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल से निकाले गए कर्मचारियों को आज तक पुनः काम पर बहाल नहीं किया गया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उक्त अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का शासकीयकरण किया गया था। उस समय यहां कार्यरत सफाई सहित अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया।

कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर लगभग दो वर्षों तक लगातार धरना-प्रदर्शन भी किया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि निजी अस्पताल को सरकारी करने के पीछे सरकार का उद्देश्य था कि अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को बेहतर और समुचित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कॉलेज में स्टाफ भर्ती की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है और केवल स्थानांतरण के भरोसे कॉलेज और अस्पताल को संचालित करने की कोशिश की जा रही है। स्टाफ और डॉक्टरों की कमी के कारण कई वार्डों को आपस में मिलाकर एक वार्ड के रूप में संचालित किया जा रहा है, जो स्पष्ट रूप से स्टाफ की कमी को दर्शाता है।

दूसरी ओर मरीज चिकित्सकों के अभाव में भटकते नजर आते हैं। यूनियन का मानना है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की आवश्यकता है। इसलिए पहले से कार्यरत निकाले गए कर्मचारियों को पुनः बहाल किया जाए, जिससे अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जा सकें।

## 14 अप्रैल से पहले अंबेडकर म्यूजियम और लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ यूनियन ने कई मुद्दों पर की बीएसपी प्रबंधन से चर्चा

बीएसपी एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन के साथ बैठक हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने अनुसूचित जाति और जनजाति के विभिन्न समस्याएं जैसे एससी/एसटी की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देना, एससी/एसटी के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहन और प्रशिक्षण देना, 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती मनाना, डॉक्टर अंबेडकर प्रेरणा स्थल का संधारण करना, खेल और सांस्कृतिक मैदान में लगे बाबा साहब के मूर्ति का सौंदर्यीकरण करना, सेक्टर-5 में डॉक्टर अंबेडकर म्यूजियम और लाइब्रेरी का कार्य अति शीघ्र प्रारंभ करवाना, डॉ. अंबेडकर स्कूल मरोदा स्टेशन का संधारण करवाना और एससी/एसटी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रबंधन द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई। साथ ही डॉक्टर अंबेडकर प्रेरणा स्थल का संधारण का आश्वासन एसोसिएशन को दिया गया है। बैठक में प्रबंधन की ओर से पवन कुमार, जेएन ठाकुर, विष्णु पाठक, सहित यूनियन की ओर से वेद प्रकाश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, अनिल कुमार खेलवार कोषाध्यक्ष, धनंजय मेश्राम कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## घरेलू और कमर्शियल गैस की बुकिंग की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने गैस बुकिंग में हो रही परेशानियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप व्यवस्था सुधारने की मांग की है। आप पार्टी के मेहरबान सिंह ने बताया कि जनता को रसोई गैस नहीं मिल रही है। सरकार द्वारा जिला प्रशासन द्वारा दावे किए जा रहे हैं कि स्टॉक की कोई कमी नहीं लेकिन यह सिर्फ मौखिक है, हकीकत में ऑटोमेटिक गैस बुकिंग व्यवस्था सरकार की पोल खोल रही है। डॉ. एसके अग्रवाल ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र में से मिली शिकायत यह बताती है कि हालत सामान्य नहीं है।

गैस की किल्लत पूरे क्षेत्र में हो रही है। लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले गैस एजेंसी में गैस बुकिंग करने का प्रयास किया लेकिन नंबर ही नहीं लग रहा। गैस की किल्लत होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 25 दिनों के समय के अंतराल में बुकिंग करने की समय सीमा भी पार हो चुकी है। जसप्रीत सिंग ने बताया कि खुर्सीपार और भिलाई के अन्य क्षेत्रों में कुछ गैस एजेंटीयों से रसोई गैस तथा कमर्शियल गैस को ब्लैक करने का भी मामला सामने आया है। इस अवसर पर रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, हरचरण सिंह, सोनू यादव आदि मौजूद थे।

## पेंशन नहीं मिलने पर उप संचालक से की मुलाकात

भिलाई। समाज कल्याण विभाग कार्यालय के उपसंचालक से जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राम सूर्यवंशी ने मुलाकात की। इस दौरान भिलाई चरोदा नगर निगम क्षेत्र के शासन-से योजना विशेष के तहत पात्रताधारी हितग्राहियों को पिछले तीन से चार महीने का पेंशन नहीं मिलने की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया। श्री सूर्यवंशी ने उप संचालक को बताया कि महीनों से वृद्ध, दिव्यांक व विधवा पेंशन योजना के करीब दुर्ग जिले के 48,000 लोगों को पेंशन नहीं आ पा रहा है। राशि बजट नहीं होने के कारण नहीं मिल पा रहा है जिससे उन्हें कठिनाई हो रहे है। मंत्रालय के अधिकारी से बात करने के बाद आश्वासन मिला उनके द्वारा आश्वाशन दिया गया कि 1 सप्ताह के अंतर्गत सभी को राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।



## निगम ने की बेदखली कार्रवाई

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 22 सुन्दर विहार कालोनी कृष्णकुंज के पास किए गए अवैध निर्माण पर निगम प्रशासन ने बेदखली की कार्यवाही की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर अवैध रूप से निर्माण कर उसे किराये पर देकर धन उगाही की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण को बेदखल किया। यह कार्यवाही आयुक्त के निर्देशानुसार की गई है। इस दौरान जोन-2 आयुक्त येशा लहरे की उपस्थिति में जोन-2 राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को हटाते हुए बेदखल किया। नगर निगम भिलाई ने अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता सहित बेदखली टीम उपस्थित रहे।

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी धुंध और बदली के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में गर्मी ने पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है। मार्च में ही पारा 39 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। शुक्रवार को भिलाई- दुर्ग का पारा 39.3 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। पिछले साल 31 मार्च को पारा 39 डिग्री सेल्सियस पर था। तीन दिन पहले यानी 10 मार्च को भी पारा करीब 39 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह इस सीजन में दूसरी बार पारा यहां आ पहुंचा और पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है जिसकी वजह से सिस्टम में बड़ा बदलाव के संकेत हैं। जिससे तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। धुंध और बदली छाए होने के आसार हैं।



### पश्चिमी विक्षोभ का हो रहा असर

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 69 डिग्री पूर्व और 33 डिग्री उत्तर में स्थित है। 14 मार्च से प्रदेश के उत्तरी भाग में उत्तर से तथा दक्षिणी भाग में दक्षिण से (बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का) आगमन वातावरण के निम्न स्तर पर होने की सम्भावना है। जिसके कारण मध्य छत्तीसगढ में एक वायु संमिलन क्षेत्र बनने की सम्भावना है। जिसके कारण 15-16 मार्च को मौसम की विषमता रहने की संभावना है।

पेज 9 के शेष...

### नेशनल लोक...

लाख 70 हजार 449 रुपये की वसूली हुई। वहीं न्यायालय में लंबित 42 आपराधिक, 16 सिविल, 9 पारिवारिक, 8 एनआई एक्ट धारा 138, 27 मोटर दुर्घटना दावा तथा 2,893 अन्य प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 86 लाख 85 हजार 426 रुपये का अवार्ड पारित किया गया।

लोक अदालत में कई महत्वपूर्ण मामलों का भी सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ। एक मामले में जमीन के विक्रय से जुड़े विवाद का समाधान हुआ तो वहीं सात भाई-बहनों के बीच पैतृक संपत्ति को लेकर चल रहा विवाद भी आपसी सहमति से समाप्त हो गया। इसी प्रकार मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में 83 लाख रुपये के दावे का निपटारा 20 लाख रुपये में कर पीड़ित परिवार को त्वरित राहत दी गई। लोक अदालत के दौरान कई पुराने आपराधिक मामलों का भी निपटारा हुआ।

एक मामले में मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर हुए विवाद और मारपीट के मामले में चार वर्ष बाद दोनों पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया। वहीं एक अन्य मामले में पिता और पुत्र के बीच छह वर्षों से चला आ रहा विवाद भी न्यायालय की समझाइश के बाद समाप्त हो गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय परिसर में "न्याय वृक्ष" और प्रदर्शनी के माध्यम से नालसा व सालसा की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह, साइबर अपराध, सड़क सुरक्षा और निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित पाम्पलेट भी वितरित किए गए। प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं के विरुद्ध अपराध, घरेलू हिंसा और साइबर अपराध से जुड़ी लघु फिल्मों का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया गया।

### गौ संरक्षण और...

संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने नागरिकों से पानी की बर्बादी रोकने और अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनाने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण किया जा सके। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दिपेश साहू ने कहा कि गौ सेवा पुण्य अर्जित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी नागरिकों से निस्वार्थ भाव से गौ माता की सेवा करने और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

**जिले में 19 गौधाम स्थापित करने का प्रस्ताव-** इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि गौ संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि योजना से आवारा मवेशियों की रोकथाम, सड़क दुर्घटनाओं में कमी और पशुधन के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कुल 19 गौधाम के संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे पशुधन प्रबंधन को व्यवस्थित रूप दिया जा सकेगा।

**पशुपालकों का किया गया सम्मान-** कार्यक्रम के दौरान पशुपालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पशुपालकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तेल घानी बोर्ड अध्यक्ष जीतेन्द्र साहू ,जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं पशुपालक उपस्थित थे।

### चोरी का आरोप ...

निर्मलकर को बार-बार पैसे देने का दबाव बनाते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। आरोप है कि वह मृतक के घर जाकर धमकी भी देता था।

इसी प्रताड़ना से परेशान होकर प्रवीण निर्मलकर ने 16 जून 2025 की रात से 17 जून 2025 की सुबह के बीच मारुति गैरेज पिकरी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मर्ग कायम कर जांच के दौरान आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण की पुष्टि होने पर आरोपी लोभन वर्मा के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद उसे 13 मार्च 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस पूरी कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर, महिला प्रधान आरक्षक रीना गायकवाड, आरक्षक कुसुम लाल कोशले सहित सिटी कोतवाली थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पापमोचनी एकादशी...

एकादशी का व्रत 15 मार्च को पूज्य गुरुदेव नागा हरिशंकर दास वृंदावन के अनुसार प्रदेश में मनाया जाएगा और अगले दिन 16 मार्च को द्वादशी तिथि में सूर्योदय के पश्चात परिवार के सभी सदस्य भगवान के समक्ष विधिपूर्वक पारण कर व्रत पूर्ण कर सकते हैं। धर्म स्तंभ काउंसिल के संरक्षक निर्मोही अखाड़ा के राष्ट्रीय महासचिव महंत नरेंद्र दास ने कहा कि एकादशी व्रत केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी माना गया है। समय-समय पर उपवास करने से शरीर को विश्राम मिलता है, पाचन तंत्र सुदृढ़ होता है और मन में एकाग्रता बढ़ती है,उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में एकादशी व्रत को आत्मिक, आध्यात्मिक और भौतिक सुख प्रदान करने वाला अत्यंत फलदायी व्रत माना गया है,वास्तव में सनातन परंपरा में इससे अधिक सरल, सहज और कल्याणकारी व्रत का उदाहरण मिलना कठिन है, क्योंकि इसमें भूखे नहीं रहना बल्कि नियमित अन्न दलहन और प्याज,लहसुन का ही आहार में उपयोग नहीं करना है साथ ही साथ सफेद नमक के बजाय काला नमक सेंधा नमक से प्रसाद का निर्माण करना है जूस,दूध,छाछ खाते पीते व्रत का पालन किया जा सकता है। महंत सुरेंद्र दास और डॉ सौरव निर्वाणी ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया कि चाहे वे किसी भी पेशे या क्षेत्र से जुड़े हों, इस पवित्र व्रत का पालन श्रद्धा, अनुशासन और पूर्ण मनोयोग के साथ करें, जिससे समाज में आध्यात्मिक चेतना और संस्कारों का विस्तार हो सके।

## खबर संक्षेप

### युवा साहू संघ के जिलाध्यक्ष बने कृष्णा साहू



**हरिभूमि कवर्धा।** युवा साहू संघ कबीरधाम के जिला अध्यक्ष के रूप में कृष्णा साहू को दायित्व मिलने पर साहू समाज में खुशी और उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर समाज के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों, तहसील पदाधिकारियों, मंडल पदाधिकारियों तथा ग्रामीण पदाधिकारियों सहित समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि कृष्णा साहू लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और युवाओं को संगठित करने के साथ-साथ समाजहित के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आए हैं। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें युवा साहू संघ कबीरधाम का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और समाज के युवाओं को एक मंच पर जोड़ने में मदद मिलेगी। समाज के वरिष्ठजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि कृष्णा साहू अपने दायित्व का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाज की एकता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के विकास के लिए कार्य करेंगे। उनके नेतृत्व में संगठन द्वारा सामाजिक उत्थान, युवाओं को मार्गदर्शन, शिक्षा के प्रति जागरूकता और समाज में भाईचारा बढ़ाने जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**सौगात : पंडरिया विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी को मिली गति**

# विधायक ने 30.74 करोड़ के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के निरन्तर प्रयासों और डबल इंजन भाजपा सरकार में क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रहीं हैं, वहीं वर्षो से लंबित सड़क परियोजनाओं के निर्माण के अब द्वार खुलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है साथ ही क्षेत्रवासियों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलने से व्यापर, कृषि, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे मूलभूत सुविधाओं तक पहुंच आसान हो रही है। वहीं शनिवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन किया।

इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार की लागत से प्रतापपुर चौक से दामापुर पुल तक कुल 12.70 किलोमीटर सड़क, 7 करोड़ 74 लाख 95 हजार की लागत से 3.65 किमी दमगढ़ से अमनिया सड़क एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत 1 करोड़ 91 लाख 88 हजार की लागत से पौनी से कोड़ापुरी तक 5.30 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य कुल 30 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपए के सड़क निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इन सड़क निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान करने के लिए विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता के आर्शीवाद और विश्वास से आज हम इन बहुप्रतीक्षित कार्यों को धरातल पर उतारने में सफल हो रहे हैं। डबल इंजन की भाजपा सरकार की मजबूत और विकासोन्मुखी सोच और जनता के विश्वास के कारण ही आज पंडरिया विधानसभा सहित पूरे प्रदेश का विकास सुनिश्चित हो रहा है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में भाजपा सरकार के संकल्प के साथ आज विकास की गति तेजी से आगे बढ़ रही है। हमारी सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि विकास की रोशनी केवल शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि वह गांव-गांव और वनांचल तक पहुंचे।

आज जो सड़कें बन रही हैं, वे आने वाले समय में पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण और वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के लिए विकास की जीवनरेखा साबित होंगी। मैं हमेशा यह मानती हूँ कि जनप्रतिनिधि का पहला दायित्व अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को समझना और उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना है। इन सड़कों के निर्माण से रूसे-कापा, भगतपुर, कोलेगांव, सेमरकोना, निंगापुर, दामापुर, दमगढ़, अमनिया, पौनी, तिलईभाठ, नवापारा, तोरला, कोड़ापुरी सहित आस-पास के सैकड़ों ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, समस्त मंडल अध्यक्ष, जिला व जनपद सदस्य एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**क्षेत्र के विकास, सुविधा और समृद्धि की नई राह**



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का यह दिन पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। आज हम सब मिलकर 30 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाली बहुप्रतीक्षित सड़कों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर रहे हैं। यह केवल सड़कों का निर्माण नहीं है, बल्कि यह हमारे क्षेत्र के विकास, सुविधा और समृद्धि की नई राह है। यह सड़कें ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में सड़क आवागमन की सुविधा के साथ ही वहां व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच एवं किसानों को अपनी उपज तथा सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करेगा। जिन सड़कों का भूमिपूजन किया जा रहा है, वे लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थीं। कांग्रेस सरकार के कुशासन में विगत 5 वर्षो तक पंडरिया विधानसभा को उपेक्षित और विकास कार्यो से कोसो दुर रखा गया। पंडरिया विधानसभा की जनता ने इस पक्षपात को समझा और प्रदेश एवं पंडरिया में भाजपा का कमल खिलाकर विकास व सुशासन की जो स्थापना की है आज उससे उनकी आकांक्षाएं पूरी हो रही हैं, क्षेत्र का निरंतर विकास हो रहा है, जनहित की योजनाओं से जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है और हमारे किसान, महिला, युवा सशक्त हो रहें हैं।



## शाला रौद्रा में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

साजा विकास खण्ड के अधिनस्थ शाला शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं और कक्षा आठवीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही साथ वहां के वरिष्ठ शिक्षक नोकराम साहू पदोन्नत होकर प्रधान पाठक के रूप में पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी में पदस्थ हो गये हैं, जिसका भी शाला स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी बच्चों और शिक्षक को स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किया गया। साथ ही प्राथमिक के ऐश्वर्य कुमार (सफाई मंत्री) दीपक साहू (स्वास्थ्य मंत्री), मिडिल के हिमांशु साहू (प्रधानमंत्री), खोमराज साहू, जुग्गू साहू (नशामुक्ति के क्षेत्र में अमूल्य योगदान )इन सभी बच्चों को पुरस्कृत कर नई जिम्मेदारी दी गई। पदोन्नत प्रधान पाठक नोकराम साहू द्वारा बच्चों को खूब पढ़कर ऊंचे पदों पर आसीन होने संबंधी बात कही गई। शिक्षक दिलीप कुमार पटेल द्वारा बच्चों को अनुशासन की जानकारी दी गई और माता पिता व गुरुजन को हमारे सच्चे हितैषी बताया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बसंती निर्मल द्वारा नोकराम साहू के अमूल्य योगदान को याद किया गया व बच्चों को हमारे रौद्रा के नाम को निरंतर आगे बढ़ाने संबंधी जानकारी दी गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रौद्रा के प्रधान पाठक पुष्पा पटेल के द्वारा पदोन्नत प्रधान पाठक नोकराम साहू के अनुशासन और समय पाबंद से बच्चों को निरंतर सीख लेने की बात कही गई, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। हेमन्त कुमार देवांगन द्वारा साहू सर को हमारे मार्गदर्शक व पिता तुल्य बताते हुए बच्चों को खूब पढ़ाई करने की प्रेरणा दी गई। बी आर आदिवासी के द्वारा सभी बच्चों को सफल होने का आशीर्वाद दिया और साहू की विदाई पर उनके साथ बिताए पल को याद किया। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त कुमार देवांगन द्वारा किया गया, आभार व्यक्त शिक्षक दिलीप कुमार पटेल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चे और सभी शिक्षक भावुक होकर 5वी व 8वी के बच्चों और नोकराम साहू को विदाई दी गई।

## मक्के स्कूल में न्योता भोज व विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला मक्के में छत्तीसगढ़ शासन की पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और विद्यालय के बीच आपसी संबंध एवं तालमेल को मजबूत करना तथा विद्यार्थियों को अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराना है। अवसर पर विद्यार्थियों को मिठाई, केला, पूड़ी-सब्जी न्योता भोज कार्यक्रम में परोसा गया। वहीं प्रधान पाठिका एलवीना विलसन ने कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों को पेन और पाउच बेग देकर सम्मानित किया गया। इस न्योता भोज व विदाई कार्यक्रम में प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अयोध्या साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, पालक भोला साहू सहित समिति के सदस्य, रसोइया एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थें साथ ही साथ विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर एक दिवसीय जन-जागरूकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के अग्रणी महाविद्यालय आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भारत सरकार द्वारा प्रायोजित तथा छग विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी परिषद रायपुर एवं आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के संयुक्त तत्वाधान में बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा शिक्षकों को बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के महत्व तथा उनके संरक्षण के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन वंदन तथा दीप प्रज्जवलन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत समारोह सम्पन्न हुआ, इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि तथा मुख्य स्त्रोत वक्ता डॉ अमित दूबे, वैज्ञानिक डीसीजी कास्ट रायपुर ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान किए। उन्होने पेटेंट, कापीराइट, ट्रेड मार्क तथा नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। बौद्धिक सम्पदा अधिकार किसी भी शोध, आविष्कार तथा रचनात्मक कार्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होने कापी राईट तथा प्लेगरिजम के बीच उदाहरण सहित प्रकाश डाले। आईपीआर इको सिस्टम उस व्यवस्था को कहा जाता है, जिसमें बौद्धिक सम्पदा अधिकारों के निर्माण सरंक्षण और उपयोग से जुड़े सभी संस्थान, नीतियॉ और प्रक्रियाएं शामिल होती है। इसमें सरकार, शोध संस्थान, विश्वविद्यालय, उद्योग, स्टार्टअप, पेंटेंट कार्यालय और कानूनी विशेषज्ञ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। यह व्यवस्था रचनाकारों को उनके कार्य का कानूनी सरंक्षण प्रदान करती है।




## हरिनछपरा स्कूल में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई भावभीनी विदाई




**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हरिनछपरा में कक्षा आठवीं के छात्र छात्राओं का विदाई और न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस विदाई व न्योता भोज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जलेश बघेल, सरपंच प्रतिनिधि शत्रुहन बंजारे उपस्थित थें साथ ही विदाई समारोह के दौरान अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। वहीं शाला परिवार की ओर से स्मृति स्वरूप बच्चों को सप्रेम भेंट दी गई। दिनेश अनंत, हरि कुर्रे ने बच्चों को आर्शीवाद देते हुए कहा कि सभी स्कूली छात्र छात्राएं शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, जज व कलेक्टर बनने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ अच्छे शिक्षा ग्रहण कर गांव, समाज का नाम रौशन हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रधान पाठिका दुर्गा तिवारी, शिक्षक गेंदलाल कुर्रे, तीजूराम धुर्वे, शिक्षक-शिक्षिकाएं मोना यादव एवं छात्र-छात्राओं तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## परीक्षा केंद्र कन्झेटा में कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**हरिभूमि कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का अंतिम प्रश्नपत्र शनिवार को परीक्षा केंद्र कन्झेटा में शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ। केंद्राध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा में कुल 110 परीक्षार्थियों में से 109 परीक्षार्थी उपस्थित थें जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। वहीं कक्षा 10वीं की परीक्षा में कुल 206 परीक्षार्थी शामिल हुए और सभी ने परीक्षा दी, कोई भी अनुपस्थित नहीं रहा। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्राथमिक उपचार पेटी, प्रकाश एवं हवादार कक्ष तथा बैठने के लिए टेबल-बेंच की समुचित व्यवस्था की गई थी। परीक्षा के दौरान उच्च अधिकारियों द्वारा केंद्र का निरीक्षण भी किया गया और किसी प्रकार का नकल प्रकरण नहीं पाया गया। कक्षा 10वीं की परीक्षा देने के लिए आसपास के स्कूलों कोलेगांव और भगतपुर से भी परीक्षार्थी आए थे। परीक्षा के संचालन के लिए आसपास के विद्यालयों से पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा के सफल संचालन में रामकुमार कौशिक, परमेश मरावी, मोहन शर्मा एवं अर्जुन चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा।



**दुर्ग संभाग के अधीक्षण अभियंता ने किया कबीरधाम में सड़क निर्माण कार्यों का सघन निरीक्षण**

# गुणवत्ता से समझौता नहीं, समय-सीमा में काम पूरा हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



दुर्ग संभाग के अधीक्षण अभियंता बलवंत पटेल ने 11 एवं 12 मार्च को कबीरधाम जिले का दो दिवसीय विस्तृत दौरा कर जिले में संचालित सड़क निर्माण कार्यो का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिले के चारों विकासखंड कवर्धा, लोहारा, बोड़ला एवं पंडरिया में विभिन्न सड़क योजनाओं के तहत चल रहे कार्यो की जमीनी स्तर पर प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान श्री पटेल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई), मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (एमएमजीएसवाई), मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत प्रगतिरत सड़कों का अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों बोड़ला एवं पंडरिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों कवर्धा और लोहारा में बन रही सड़कों की भौतिक प्रगति और निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का निरीक्षण किया।दौरे के पश्चात अधीक्षण अभियंता श्री पटेल ने संबंधित ठेकेदारों एवं विभागीय अभियंताओं की संयुक्त समीक्षा बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और डामरीकरण के मानकों में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पिछड़ी जनजातीय बस्तियों को जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कवर्धा, लोहारा, बोड़ला और पंडरिया विकासखंडों में चल रहे सभी अधूरे कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके। अधीक्षण अभियंता ने ठेकेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता की अनदेखी और लापरवाही पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# तीन दिनी अखंड रामायण सम्मेलन में शामिल हुईं जिला पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



जिले के ग्राम उफ़रा में आयोजित त्रि-दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम की पावन कथा एवं रामायण पाठ का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया तथा उपस्थित संतजनों, श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों से भेंट कर उनका स्नेह एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और प्रभु श्रीराम के गुणगान से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होकर भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और पावन चरित्र का श्रवण करते हुए भक्ति भाव में लीन दिखाई दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा और भक्ति का संदेश समाज को सदैव सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन त्याग, कर्तव्य और आदर्शों की सर्वोच्च मिसाल है। यदि हम श्रीराम के विचारों और सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं, तो परिवार, समाज और राष्ट्र में सद्भाव, शांति और नैतिक मूल्यों की स्थापना हो सकती है।

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन लोगों को अपनी संस्कृति, आस्था और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। जब समाज के लोग एक साथ बैठकर भगवान के नाम का स्मरण करते हैं, तो इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और आपसी प्रेम, सद्भाव तथा एकता को मजबूती मिलती है। गांवों में आयोजित इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और नई पीढ़ी को धर्म, संस्कार तथा भारतीय जीवन मूल्यों को समझने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने आयोजकों और सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी की श्रद्धा और सहभागिता से ही ऐसे पावन आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होते हैं और समाज में धार्मिक चेतना का प्रसार होता है।

इस अवसर पर सरपंच गीता मंडरिया, राकेश वर्मा, रेखा वर्मा, रामाधार, संतराम निषाद, चमेली शिवास, चमेली परगनिहा, रामाधार परगनिहा, तारकेश्वर निषाद, रक्षिका वर्मा, सुघर साहू, राजू परगनिहा, शत्रोहन वर्मा, विष्णु निषाद, नंदकुमार मंडरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भगवान श्रीराम के पावन नाम का स्मरण करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

## व्याख्याता भूपेंद्र साहू ने एग्जाम बोर्ड और पेन वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला बम्हनी में व्याख्याता भूपेंद्र साहू द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को एग्जाम बोर्ड, पेन एवं चॉकलेट वितरण किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अच्छे अंको से उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में व्याख्याता रमेश देवांगन, दशरथ निर्मलकर, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बम्हनी अरविंद कुंजाम, चंद्रहास गुप्ता उपस्थित थें, जिनका मार्गदर्शन एवं विशेष सहयोग रहा। एग्जाम बोर्ड और पेन प्राप्त कर विद्यार्थियों में भारी हर्ष व्याप्त है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## चलते मालवाहक में लगी आग

नांदघाट। बिलासपुर की ओर से आ रही टाटा कंपनी की एक मालवाहक पिकअप में अचानक आग लग गई, जिससे देखते ही देखते पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई। घटना नांदघाट से लगभग 4 किलोमीटर पहले की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पिकअप क्रमांक सीजी 04 पीई 4217 बिलासपुर की ओर से आ रही थी। इसी दौरान अचानक वाहन से धुआं और लपटें निकलने लगीं। लपटें देखकर चालक ने तुरंत गाड़ी रोककर खुद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। चालक ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आसपास पानी का कोई स्त्रोत नहीं होने के कारण वह आग पर काबू नहीं पा सका। कुछ ही देर में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया और पिकअप पूरी तरह जलकर खाक हो गई।
घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## कांग्रेस के सह-प्रभारी विजय का भव्य स्वागत



**नांदघाट।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ का मुंगेली प्रवास से वापसी पर नवागढ़ विधानसभा छेत्र में नांदघाट चौक मे आरिफ बांठिया एवम् कॉंग्रेसी कार्यकर्ताओ दारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर रोली वैष्णव जिला सचिव जिला कांग्रेस समिति बेमेतरा महेतरू निशाद विनायक निषाद कांग्रेस के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अर्थव्यवस्था पर विभागीय सेमिनार



**नवागढ़।** शासकीय के.आर.डी. महाविद्यालय, नवागढ़ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था विषय पर विभागीय सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी.ए. द्वितीय, चतुर्थ सेमेस्टर तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गिरीश कांत पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गा सोनी रहीं। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के विविध पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए राज्य के आर्थिक विकास, प्राकृतिक संसाधनों तथा भविष्य की संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। सेमिनार में विद्यार्थियों ने कृषि क्षेत्र, सिंचाई व्यवस्था, खनिज संसाधन, उद्योग क्षेत्र, वन संपदा, जनसांख्यिकीय विशेषताएं, सरकारी योजनाएं एवं बजट जैसे महत्वपूर्ण उपविषयों पर प्रस्तुति दी। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अध्ययन एवं शोध के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. थनवार साहू के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

## अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन 1 तक

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अग्निवीर की भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए भारतीय थलसेना के वेबसाईट या सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष या जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

# पांचवीं और आठवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महिदही में शनिवार को कक्षा 5वी एवं 8वीं के छात्र-छात्राओं के लिए एक गरिमामय एवं भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्कूली शिक्षा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव को पूर्ण कर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विद्यार्थियों के विदाई एवं सम्मान समारोह में उत्साह, हर्ष और अपनों से बिछड़ने की भावुकता का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती की छायाचित्र का दीप प्रज्वलन, वंदना व माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू समेत उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माथा टेक कर उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद मांगा। पूजन-अर्चन से विद्यालय का वातावरण भक्तिमय और सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा, अनुशासन और कठोर परिश्रम ही वह कुंजी है जो सफलता के द्वार खोलती है। आज आप इस शाला से विदा जरूर हो रहे हैं, लेकिन यहां से प्राप्त ज्ञान और संस्कार जीवन भर आपके साथ रहेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और स्मृति चिह्न



### विद्यार्थियों की भावुक अभिव्यक्ति

कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं ने भी मंच से अपने अनुभव साझा किये। शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए विद्यार्थियों ने कहा कि गुरुजनों का मार्गदर्शन और इस विद्यालय की नींव ही उन्हें भविष्य की चुनौतियों से लड़ने के काबिल बनाएगी। कई विद्यार्थी शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए भावुक नजर आए। इस अवसर पर प्रधान पाठक कौशल प्रसाद साहू, शिक्षक महेश्वर श्रीवास, शिक्षिका जानकी ठाकुर, हेमलता साहू, गजानंद वैष्णव सहित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई थी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।


## ड्रोन कैमरे से खेतों और फार्म हाउसों की निगरानी

# अवैध मादक पदार्थों पर पुलिस की सख्ती

हरिभूमिन्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाया जा रहा सघन जांच अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान पुलिस ने ड्रोन कैमरे की मदद से जिले के विभिन्न बाड़ियों और फार्म हाउसों की निगरानी करते हुए जांच की। अभियान के तहत यह देखा जा रहा है कि कहीं किसी स्थान पर अवैध मादक पदार्थ (नशे) का उत्पादन या भंडारण तो नहीं किया जा रहा है और किसी प्रकार की अवैध गतिविधि तो संचालित नहीं हो रही है। पुलिस द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण और एकांत क्षेत्रों में स्थित बाड़ियों और बड़े फार्म हाउसों पर नजर रखी जा रही है। दुर्गम क्षेत्रों में निगरानी के लिए अब आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। ड्रोन कैमरे से निगरानी कर संदिग्ध गतिविधियों का तत्काल पता लगाने की कोशिश की जा रही है।जिले के विभिन्न थाना और चौकी क्षेत्रों में प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा ड्रोन के माध्यम से सघन जांच की जा रही है। इस दौरान खेतों, बाड़ियों और फार्म हाउसों का ऊपर से निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वहां किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित न हो रही हो।

### तीसरे दिन भी चला सघन चेकिंग अभियान, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी



### अफीम की खेती पकड़े जाने के बाद बढ़ी सतर्कता

गौरतलब है कि बीते सप्ताह दुर्ग जिले के ग्राम समोदा सहित प्रदेश के अन्य जिलों में अफीम की खेती पकड़ी गई थी। इसके बाद से पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी के मद्देनजर बेमेतरा जिले में भी खेतों और फार्म हाउसों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### डीआईजी के निर्देश पर तेज हुआ अभियान

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में स्थित बाड़ियों और फार्म हाउसों की ड्रोन कैमरे से सघन जांच करने के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देशानुसार दुर्गम क्षेत्रों और बड़े फार्म हाउसों की निगरानी अब ड्रोन कैमरे के माध्यम से की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का तत्काल पता लगाया जा सके।

### मजदूरों और ठेकेदारों का भी हो रहा सत्यापन

अभियान के दौरान ईंट भट्ठों, फैक्ट्रियों और बाड़ियों में कार्यरत मजदूरों तथा ठेकेदारों की जानकारी एकत्र कर उनका सत्यापन भी किया जा रहा है। पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि बाहरी लोगों की गतिविधियों पर भी नजर रखी जाए और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

## सशिमं मारो में आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों का हुआ आशीर्वाद समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सरस्वती शिशु मंदिर मारो में शुक्रवार को कक्षा अष्टम के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत मारो के अध्यक्ष धनलाल देशलहरे, सरस्वती शिशु मंदिर मारो के अध्यक्ष भरत लाल साहू तथा उपाध्यक्ष मणिशंकर दीवान का अतिथि बने।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि धनलाल देशलहरे ने अपने उद्बोधन में अष्टम कक्षा के भैया-बहनों को आगे की पढ़ाई के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर से प्राप्त प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार जीवन की मजबूत नींव होते हैं, जिन्हें जीवनभर बनाए रखना चाहिए।समारोह के दौरान मनोरंजन के उद्देश्य से नृत्य, खेल और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कक्षा अष्टम के सभी 36 भैया-बहनों को स्नेह-सम्मान के रूप में मोमेंटो (प्रतीक चिन्ह) और प्रमाण पत्र अतिथियों के माध्यम से प्रदान किए गए। इस अवसर पर अष्टम कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय को फोटो फ्रेम सेट भी भेंट किया गया।कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र, समूह फोटो और स्वल्पाहार के साथ हुआ। कार्यक्रम में सरपंच चक्रवाय सुनीता बघेल, सरपंच भोपसरा गेंदूराम साहू, सरपंच मोहलाईन रामखेलावन वर्मा तथा व्यवसायी मोहन अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार शर्मा, दिनेश रजक, सुभाष मानिकपुरी, भिरेन्द्र राजपूत (आचार्य), श्वेता ठाकुर, शिष्या साहू, सुषमा राजपूत, शीला वर्मा, त्रिवेणी वर्मा एवं विद्यालक्ष्मी डहरिया, अरुण पाटिल, लखेश्वरी सेन सहित कक्षा षष्ठ एवं सप्तम के छात्र उपस्थित रहे।

## सद्भाव यात्रा में समाज में एकता व नशामुक्ति का दिया जाएगा संदेश

**नवागढ़।** बेमेतरा जिला कलार समाज के जिलाध्यक्ष विरेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में जिला स्तरीय सामाजिक सद्भाव यात्रा आयोजित की जाएगी। इस यात्रा में समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक जन शामिल होकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नवागढ़ में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकारिणी बैठक में इस यात्रा को लेकर सहमति बनी। बैठक में बताया गया कि यह सद्भाव यात्रा जिले के पांचों मंडलों नवागढ़, बेमेतरा, थानखम्हरिया, साजा और बेरला में निवासरत सामाजिक जनों के गांवों तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान ग्रामों में स्थित मां महामाया मंदिर से पवित्र रजकण एवं पवित्र जल का संग्रह भी किया जाएगा। इस यात्रा का



मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं और सामाजिक पदाधिकारियों से प्रत्यक्ष भेंट कर समाज में एकता और संगठन को मजबूत करना है। साथ ही भावी युवा पीढ़ी को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा समाज में आदर्श विवाह को बढ़ावा देने के लिए भी लोगों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया जाएगा।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में जिला मंत्री मोहन सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार सिन्हा, कोष निरीक्षक नरसिंह जायसवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सिन्हा, बाबूराम जायसवाल, बेमेतरा मंडल के मंडलेश्वर अशोक जायसवाल, सचिव सोमप्रकाश सिन्हा, संरक्षक ललित सिन्हा, साजा मंडल के मंडलेश्वर टीकाराम सिन्हा, सचिव मीनाराम सिन्हा, नवागढ़ मंडल के मंडलेश्वर अजय सिन्हा, सचिव दिलीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, क्षेत्राधिकारी रामप्रसाद सिन्हा, राजकिशन सिन्हा, ग्रामप्रमुख बघुली भूपेंद्र सिन्हा, युवा ग्राम प्रमुख राकेश सिन्हा, संरक्षक सुरेश सिन्हा, युवा ग्राम प्रमुख धनेश्वर सिन्हा, छड़ीदार नंदलाल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन दिलीप जायसवाल ने किया।

## 17 को नवा रायपुर में विधानसभा घेराव, बेमेतरा कांग्रेस ने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित राजीव भवन में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 17 मार्च नवा रायपुर में प्रस्तावित विधानसभा घेराव को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। इस दौरान जिले से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। यह बैठक जिला कांग्रेस बूथ प्रभारी सुनील माहेश्वरी, बेमेतरा विधानसभा घेराव प्रभारी आनंद सिंह ठाकुर, साजा विधानसभा प्रभारी लालजी चंद्रवंशी तथा नवागढ़ विधानसभा प्रभारी सुजित बघेल की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक में नेताओं ने बताया कि यह विधानसभा घेराव भाजपा कार्यकर्ता द्वारा कथित रूप से की गई अफीम की खेती के विरोध तथा मनरेगा बचाओ आंदोलन के तहत आयोजित किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेशभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नवा रायपुर पहुंचकर सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। बैठक के दौरान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने के लिए बूथ समितियों के गठन पर भी विशेष चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की असली ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं। इसलिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को जोड़ते हुए।

### अफीम खेती के विरोध और मनरेगा बचाओ आंदोलन को लेकर प्रदेशभर से जुटेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता




### इनकी रही उपस्थिति

बैठक में युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी, शशि प्रभा गायकवाड सुशीला जोशी, चंद्र प्रकाश साहू रवि परगनिहा देवेंद्र कुमार साहू, गंगाराम साहू, ईश्वर वर्मा, दिनेश, रोशन सिन्हा, विष्णु उपाध्याय, रंजन सिंह, विनोद कुमार, दामोदर साहू, गोरेलाल चंद्राकर, राजेश, सहदेव सिन्हा, दीपचंद यादव, मनीष सिंह परिहार, काशी यादव, दलीप सिंह मरकाम, राकेश प्रसाद, अशोक चंद्राकर, पारस देवांगन, चेतन साहू, छगन नागर, मित्रलाल परगनिहा, जीवन बंजारे, हीरालाल साहू, सुभाष वर्मा, रीना वर्मा, सविता साहू, रूबी सलूजा, योगिता साहू, सूर्य प्रकाश, रवि पुराना निषाद, नरेंद्र ध्रुव, रामकृष्ण गायकवाड़, मन्नू साहू, हेमलाल चंद्राकर, उमेश बंशी, प्रतीक राम देवांगन, लोकनाथ यादव, कुमारी पांडे, समीर शाह, दुर्गेश राम देवांगन, नंदन पटेल, महेंद्र साहू, जगमोहन मेधे, रामकुमार साहू, यासिर खान, बलराम साहू, महावीर साहू, धर्मेंद्र यादव, शिव प्रसाद साहू, जितेंद्र यादव, सिद्धार्थ साहू, कैलाश साहू, गजेन्द्र विश्वकर्मा, कमल दुबे, रमेश साहू सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिले की रहेगी अग्रिम भूमिका : आशीष छाबड़ा

बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि 17 मार्च को होने वाले विधानसभा घेराव में बेमेतरा जिले की अग्रिम भूमिका रहेगी और जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता इसमें भाग लेकर आंदोलन को सफल बनाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को आंदोलन के उद्देश्य से अवगत कराएंगे।

## गोपनीय सामग्री का वितरण, 32 हजार से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

# पांचवीं-आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सत्र 2025-26 से कक्षा पांचवी और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए जिले में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोनों परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र सहित गोपनीय सामग्री का वितरण नगर स्थित सेजेस शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जी.आर. चतुर्वेदी एवं सहायक संचालक शिक्षा विभाग एस.पी. कोशले की उपस्थिति में सभी विकासखंडों के संकुल प्राचार्यों को प्रश्नपत्र सौंपे गए। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ प्रश्नपत्रों की पेटियां बस के माध्यम से संबंधित थानों तक भेजी गईं, जहां से परीक्षा के दिन संकुल प्राचार्य इन्हें केंद्राध्यक्षों को वितरित करेंगे।



### 16 मार्च से पांचवी, 17 मार्च से आठवीं की परीक्षा

कक्षा पांचवी की परीक्षा 16 मार्च से सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगी, जबकि कक्षा आठवीं की परीक्षा 17 मार्च से सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में एक साथ संपन्न होगी। परीक्षा प्रक्रिया में पूरी गोपनीयता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी कामिनी महिलांग, चेतन बंजारे, जितेंद्र गोयल, बीआरसी बेमेतरा राजेंद्र कुमार साहू, एपीसी खेमराज साहू, कविता वाचपेयी, पी.आर. सप्रे, उद्धव साहू सहित सभी संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।

### जिले में 32 हजार से अधिक परीक्षार्थी

जिले में कक्षा आठवीं के लिए 528 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बेमेतरा ब्लॉक में 136, बेरला में 111, नवागढ़ में 137 और साजा में 144 केंद्र शामिल हैं। इस परीक्षा में कुल 16,478 विद्यार्थी शामिल होंगे। वहीं कक्षा पांचवी के लिए जिले में 924 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बेमेतरा में 238, बेरला में 188, नवागढ़ में 250 और साजा में 248 केंद्र शामिल हैं। पांचवी की परीक्षा में कुल 16,318 विद्यार्थी शामिल होंगे।

